नालको NALCO

संदर्भ/Ref. : NBC/S/4.5 & 4.5(A)/2026/1147
दिनांक/Dated: 03.08.2026

| | |
|---|---|
| To,<br>प्रबंधक/The Manager<br>बीएसई लिमिटेड/BSE Limited,<br>फीरोज जीजीभोय टावर्स/Phiroj Jeejeebhoy Towers,<br>दलाल स्ट्रीट/Dalal Street,<br>**मुम्बई/MUMBAI- 400 001**<br>**स्क्रिप कोड/Scrip Code: 532234** | To,<br>प्रबंधक/The Manager<br>अनुसूचन विभाग/Listing Department<br>नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लि.,<br>National Stock Exchange of India Ltd.,<br>एक्सचेंज प्लाजा, बांद्रा-कुर्ला कम्प्लेक्स,<br>Exchange Plaza, Bandra-Kurla Complex,<br>बांद्रा ईस्ट/Bandra East, **मुम्बई/MUMBAI-400 051**<br>**प्रतीक/Symbol: NATIONALUM** |

**विषय/Sub: 30.06.2026 को समाप्त तिमाही के लिए अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों (स्टैंडअलोन और समेकित) से संबंधित समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार पत्र।/ Newspaper publications regarding Unaudited Financial Results (Standalone & consolidated) for the quarter ended 30.06.2026.**

महोदय/Dear Sir,

कृपया 30.06.2026 को समाप्त तिमाही के लिए अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों (स्टैंडअलोन और समेकित) के संबंध में समाचार पत्र प्रकाशन की प्रतियां संलग्न पाएं ।/ Please find enclosed herewith copies of Newspaper Publication regarding Unaudited Financial Results (Standalone & Consolidated) for the quarter ended 30.06.2026 .

उपरोक्त प्रकाशन निम्नलिखित समाचार पत्रों में किया गया था:/The above publication was made in the following Newspapers:

| Sl. No. | Name of Newspaper | Language | Date of Publication |
|---|---|---|---|
| 1. | संवाद/Sambad | Odia | 02.08.2026 |
| 2. | प्रभात खबर/Prabhat Khabar | Hindi | 02.08.2026 |
| 3. | बिज़नेसलाइन/Businessline | English | 02.08.2026 |

आपकी जानकारी और अभिलेख हेतु/This is for your information and record.

धन्यवाद/Thanking you,

**भवदीय/Yours faithfully,**
**कृते नेशनल एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड**
**For National Aluminium Co. Ltd.**

Bharat Kumar Sahu
Digitally signed by Bharat Kumar Sahu
Date: 2026.08.03 15:23:37 +05'30'

**(बी. के. साहू)/( B. K. Sahu)**
**कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी**
**Company Secretary and Compliance Officer**
**ACS: 9953**

**Encl.: As above**

# जुलाई में 1.2 लाख वाहनों पर 7.8 करोड़ जुर्माना

- जून में 1.24 लाख वाहनों का कटा चालान, 9.5 करोड़ जुर्माना वसूला

**वरीय संवाददाता, रांची**

यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर ट्रैफिक पुलिस लगातार वाहनों का चालान काट रही है. हाल यह है कि इसके बाद भी लोग नहीं सुधर रहे हैं. जून माह में राजधानी में रिकॉर्ड 1.24 लाख वाहनों का चालान और इन पर कुल 9.5 करोड़ रुपये का जुर्माना किया गया था. जबकि जुलाई में भी 1.2 लाख वाहनों का चालान किया गया है. इन पर 7.8 करोड़ का जुर्माना किया गया है.

## कड़ाई के बाद भी नहीं मान रहे वाहन चालक

**जुर्माना करना मकसद नहीं, नियमों का पालन करें लोग** : ट्रैफिक एसपी राकेश सिंह ने कहा कि जुर्माना करना मकसद नहीं है. लोगों से अपील है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, ताकि यातायात की समस्या न हो. सड़कों पर वाहन लगाने से सड़कें जाम होती हैं, लोग परेशान होते हैं. चिन्हित जगहों पर वाहन लगायें.

## सबसे अधिक नो पार्किंग में 56,032 चालान

जुलाई में सबसे अधिक नो पार्किंग और सड़कों पर वाहन लगाने पर 56,032 और बिना हेलमेट के वाहन चलाने पर 51,055 वाहनों का चालान काटा गया है. इसी प्रकार रेड लाइट जंप मामले में 4,471, ओवर स्पीड में 2,367, नो इंट्री में प्रवेश करने पर 1,547, रॉन्ग साइड ड्राइविंग पर 648, बिना डीएल के वाहन चलाने पर 505, बिना यूनिफॉर्म के ऑटो चलाने पर 393 वाहनों का चालान काटा गया है. मॉडीफाइड साइलेंसर पर 101 वाहनों का चालान किया गया है. ज्ञात हो कि राजधानी रांची में ट्रैफिक पुलिस यातायात नियमों के पालन को लेकर लगातार अभियान चला रही है. इस दौरान लोगों को जागरूक करने के साथ नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी की जा रही है.

# राजस्व मामलों में देरी करने पर लगेगा जुर्माना

**रांची.** उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि म्यूटेशन सहित अन्य राजस्व मामलों को जानबूझकर लंबित रखने या कार्य में अनावश्यक विलंब करने वाले पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों पर जुर्माना लगाया जायेगा. आम लोगों को बार-बार सरकारी कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े, यह सुनिश्चित करना संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों की जिम्मेदारी है. वह शुक्रवार को समाहरणालय में अंचलवार लंबित म्यूटेशन मामलों की समीक्षा कर रहे थे.उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर लंबित मामलों का निष्पादन करने का निर्देश दिया.

**मुंबई रेलवे विकास कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
**दूसरी मंजिल, चर्चगेट स्टेशन बिल्डिंग, मुंबई-400020.**

**रिक्ति अधिसूचना सं.: एमआरवीसी/ई/एएम (डिज़ाइन)/22/2026 दिनांक 31.07.2026**

मुंबई रेलवे विकास कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा **"सहायक प्रबंधक (डिज़ाइन)"** के IDA E2 स्केल में 01 पद को संविदा के आधार पर भरने हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। मेल द्वारा आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि **30.08.2026** तक है। अधिक जानकारी वेबसाइट **https://mrvc.indianrailways.gov.in** पर प्राप्त की जा सकती है। **शुद्धिपत्र, यदि कोई हो, केवल वेबसाइट पर पोस्ट किया जाएगा।**

# नयी डिलिवरी प्रणाली का मजदूरों ने किया विरोध

- सीधी अनाज आपूर्ति लागू होने से कडरू गोदाम के 150 मजदूर बेरोजगार हो गये
- रोजी-रोटी का संकट गहराने पर प्रभावित मजदूरों ने खाद्य आपूर्ति सचिव को ज्ञापन सौंपा

**वरीय संवाददाता, रांची**

खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा अगस्त माह से लागू की गयी नयी डायरेक्ट डोर डिलिवरी सिस्टम का कडरू गोदाम के मजदूरों ने विरोध किया है. इस व्यवस्था के तहत अब एफसीआइ गोदाम से सीधे रांची शहरी क्षेत्र के 609 पीडीएस डीलरों तक अनाज पहुंचाया जा रहा है. इस वजह से कडरू जेएसएफसी गोदाम में कार्यरत लगभग 150 मजदूर बेरोजगार हो गये हैं. मजदूरों ने रोजी-रोटी के संकट को लेकर खाद्य आपूर्ति सचिव को पत्र सौंपा है.

लेबर सरदार अरुण कुमार ने बताया कि ये मजदूर पिछले 40 वर्षों से झारखंड राज्य खाद्य निगम के कडरू गोदाम में लोडिंग-अनलोडिंग का कार्य करते आ रहे हैं. नयी व्यवस्था ने उनके सामने भुखमरी की स्थिति पैदा कर दी है. उन्होंने तर्क दिया कि कडरू-1 और कडरू-2 गोदाम की मरम्मत हो चुकी है, वहां धर्मकांटा भी लग चुका है और छोटे-बड़े वाहनों के लिए पर्याप्त जगह है. मजदूरों ने विभाग को चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार नहीं किया गया और उन्हें काम पर वापस नहीं रखा गया, तो वे एफसीआइ गोदाम पर धरना-प्रदर्शन करेंगे और अनाज के उठाव को पूरी तरह ठप कर देंगे.

# कलाकारों को सात माह बाद भी पेंटिंग का भुगतान नहीं

- सोहराई कलाकार मनीष महतो ने कहा : 27 हजार रुपये का भुगतान अब तक नहीं हुआ
- झारखंड स्थापना दिवस पर रांची नगर निगम के कार्यक्रम में की थी लाइव पेंटिंग

**संवाददाता, रांची**

झारखंड के प्रसिद्ध सोहराई कलाकार और तमाड़ के चिरुडीह गांव को आर्ट विलेज के रूप में पहचान दिलाने वाले मनीष कुमार महतो ने रांची नगर निगम के एक कार्यक्रम में की गयी लाइव पेंटिंग का भुगतान नहीं मिलने का आरोप लगाया है. उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से अपनी परेशानी साझा करते हुए कहा कि पिछले वर्ष झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित निगम के कार्यक्रम में आर्टिस्ट विलेज चिरुडीह की पूरी टीम ने ठेकेदार के माध्यम से लाइव डेमोस्ट्रेशन किया था. कार्यक्रम समाप्त हुए करीब सात माह हो गये, लेकिन टीम को अब तक पूरा भुगतान नहीं मिला है.

उन्होंने बताया कि ठेकेदार द्वारा लगातार भुगतान करने का आश्वासन दिया गया. यह बात कई महीनों तक दोहरायी जाती रही, लेकिन भुगतान नहीं हुआ. अब स्थिति यह है कि फोन का जवाब नहीं दिया जा रहा है. नंबर भी ब्लॉक कर दिया गया है. उन्होंने बताया कि एडवांस में पांच हजार रुपये दिये गये थे. लगभग 27 हजार रुपये अभी भी बकाया है. लाइव डेमोस्ट्रेशन के काम में 17 महिला-पुरुष की टीम शामिल थी. कलाकारों ने कहा कि रांची नगर निगम इस मामले में हस्तक्षेप कर भुगतान कराये. इधर, ठेकेदार से पक्ष लेने के लिए कॉल किया गया, लेकिन उन्होंने कॉल काट दिया.

**मनीष को मिल चुके हैं कई सम्मान और पुरस्कार** : मनीष महतो झारखंड के तमाड़ प्रखंड स्थित चिरुडीह गांव के प्रसिद्ध सोहराई कलाकार हैं. उनके प्रयासों से देश-विदेश से पर्यटक चिरुडीह पहुंचकर सोहराई कला और गांव की खूबसूरती को देखने आते हैं. उन्हें कई सम्मान और पुरस्कार भी मिल चुके हैं.

---

**झारखण्ड बिजली वितरण निगम लि०**
**कार्यालय विद्युत कार्यपालक अभियंता**
**विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल, गढ़वा–1**
Email- eee.garhwa1@jbvnl.co.inMobile No.:- 9431707405

## आम सूचना

कांडी प्रखण्ड अन्तर्गत विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि इस वर्ष सामान्य से कम वर्षा होने के कारण कांडी प्रखण्ड के विद्युत उपभोक्ताओं के द्वारा कृषि कार्य हेतु विद्युत मोटर के उपयोग में बढ़ोतरी हुई है जिसके कारण पावर ट्रांस्फर्मर पर अतिरिक्त भार पड़ रहा है परिणामस्वरूप बिजली की आपूर्ति में दिक्कत आ रही है।सुचारू रूप से बिजली की आपूर्ति हेतु एक अतिरिक्त 5 एम.भी.ए. पावर ट्रास्फर्मर का अधिष्ठापन एक सप्ताह में करा दी जायेगी। आपसे सहयोग की अपेक्षा है।

ह०/–
(महेश्वर कुमार)
विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल, गढ़वा–1

PR 386460 Energy(26-27)D

---

**झारखण्ड सरकार**
**कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग**

## :– प्रेस विज्ञप्ति :–

सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि दिनांक– **03.08.2026 से 07.08.2026** तक सभी जिलों में अभियान चलाकर राज्य के निवासियों को जाति/आय/स्थानीय निवासी एवं EWS प्रमाण पत्र निर्गत कर उसका वितरण किया जाना प्रस्तावित है। प्रस्तावित अभियान के तहत नये आवेदन लेने से लेकर लंबित सभी आवेदनों के आलोक में प्रमाण पत्र निर्गत करने की कार्रवाई की जाएगी। कैम्प का आयोजन सभी जिलों के अंचल कार्यालयों/अन्य निर्धारित स्थलों पर कार्यालय अवधि में किया जाएगा। इस अभियान में स्थानीय जनप्रतिनिधि की उपस्थिति भी अपेक्षित होगी।

(प्रवीण कुमार टोप्पो)
सचिव।

PR.NO.386395 Personnel Administrative Reforms and Raj Bhasa(26-27):D

---

**जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा**

## राष्ट्रीय लोक अदालत, 2026

**दिनांक–12 सितम्बर, 2026 शनिवार**
**स्थान– व्यवहार न्यायालय, सिमडेगा समय– 10:30 बजे**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, राँची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा के तत्वावधान में दिनांक 12 सितम्बर, 2026 को पूर्वाह्न 10:30 बजे से व्यवहार न्यायालय परिसर, सिमडेगा में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में निम्न प्रकार के मामलें का निष्पादन किया जाना है:–

| | | |
|---|---|---|
| 1. बैकिंग सम्बंधी मामलें | 5. पारिवारिक विवाद | 9. राजस्व मामले |
| 2. धारा 138 एन आई एक्ट | 6. भू–अर्जन | 10. खनन सम्बंधी मामले |
| 3. मोटर दुर्घटना दावा वाद | 7. सेवा सम्बंधी मामलें | 11. बिजली एवं पानी से सम्बंधित |
| 4. श्रम विवाद सम्बंधी मामलें | 8. दिवानी मामले | 12. दूरभाष सम्बंधी मामले । |

दिनांक 12 सितम्बर, 2026 को प्रातः 10:30 बजे से राष्ट्रीय लोक अदालत का कार्य व्यवहार न्यायालय सिमडेगा में अपराहन 04:00 बजे तक चलेगा।

अतः सिमडेगा वासियों से निवेदन है कि उपरोक्त वादो से संबंधित मामलों को संबंधित विभाग से सर्म्पक कर अधिक से अधिक वादों का निपटारा कर राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ उठायें तथा इसे सफल बनायें।

नोटः आप QR Code एवं नालसा हेल्पलाईन नंबर 15100 के माध्यम से भी अपने शिकायत/वाद/मामलों का आवेदन कर सकते हैं। राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में किसी भी प्रकार की विस्तृत जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस के दिन व्यवहार न्यायालय के परिसर में स्थित जि0 वि0 से0 प्र0 सिमडेगा के कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा सचिव, जि0 वि0 से0 प्र0 सिमडेगा मो0 नं0 6525299949 से संपर्क कर सकते हैं।

**मुफ्त कानूनी सहायता के लिए:**
**कॉल : 15100**
**टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर**
**ऑनलाइन आवेदनः**
https://www.nalsa.gov.in/lsams/

व्यवहार न्यायालय सिमडेगा
Civil Court Simdega
शिकायत-सह-आवेदन पत्र
Complain-Cum-Application Form
Scan
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा
DLSA, Simdega

| श्रीमती मरियम हेमरोम | एस0 एस0 खोटरे | श्रीमती कंचन सिंह | श्री राजीव कुमार सिन्हा |
|---|---|---|---|
| सचिव | पुलिस अधीक्षक सह सदस्य | उपायुक्त सह | प्रधान जिला एवं सत्र |
| जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा | जि0 वि0 से0 प्रा0, सिमडेगा | उपाध्यक्ष | न्यायाधीश सह अध्यक्ष |
| | | जि0 वि0 से0 प्रा0,सिमडेगा | जि0 वि0 से0 प्रा0,सिमडेगा |

PR 386391 (Simdega) 26-27 (D)

निवेदक– जिला प्रशासन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा।

---

**पीएम श्री स्कूल, जवाहर नवोदय विद्यालय**
**चतरा (झारखण्ड)**

## आम सूचना

जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा (सत्र 2027–28) का कक्षा–6 में नामांकन हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 31st July, 2026 से बढ़ा कर दिनांक 07th August, 2026 तक कर दी गई है।
अधिक जानकारी हेतु समिति के वेबसाइट https://navodaya.gov.in/
अथवा कार्यालय ज.न.वि. चतरा से प्राप्त की जा सकती है।

प्राचार्य
ज0न0वि0,चतरा

PR 386463 School Education and Literacy (26-27)_D

---

**कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, हजारीबाग**
**मत्स्यजीवी सहयोग समितियों के लिये अति अल्पकालीन सूचना।**

हजारीबाग जिला अन्तर्गत बिहार/झारखण्ड सहकारी समितियाँ अधिनियम 1935 तथा अधिनियम 1996 तथा कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के पत्रांक 55/25.01.22 के आलोक में निबंधित मत्स्यजीवी सहयोग समितियों को सूचित किया जाता है कि पशुपालन एवं मत्स्य विभाग के परिपत्र सं0 114/18.01.1992, सहकारिता विभाग, झारखण्ड सरकार के परिपत्र सं0 1410/दि0 29.06.2011 एवं कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) के परिपत्र सं0 1325/दि0 11.10.23 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2026–27 से 2028–29 की अवधि हेतु सरकारी राजस्व जलकरों की अल्पकालीन बंदोबस्ती हेतु प्रस्ताव का आमंत्रण।

प्रस्ताव आमंत्रण की अंतिम तिथिः– 07.08.2026

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026–27 से 2028–29 की अवधि हेतु हजारीबाग जिला के प्रखण्ड स्तरीय, स्वावलंबी, पंचायत स्तरीय मत्स्यजीवी सहयोग समितियों से पूर्व में विज्ञापन सं0 **PR385234(Fish) 26-27 (D)** के द्वारा हजारीबाग जिला अंतर्गत मत्स्य विभाग के नियंत्रणाधीन राजस्व जलकरों के अल्पकालीन बंदोबस्ती हेतु दिनांक 31.07.26 तक प्रस्ताव की माँग की गई थी। परन्तु निर्धारित तिथि के बाद भी कुछ मत्स्यजीवी सहयोग समितियों से बंदोबस्ती प्रस्ताव अप्राप्त है एवं समितियों के द्वारा बंदोबस्ती का प्रस्ताव की अंतिम निर्धारित तिथि को बढ़ाने का अनुरोध किया गया है। अतः समितियों के अभ्यावेदन पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए राजस्व जलकरों की अल्पकालीन बंदोबस्ती हेतु प्रस्ताव के प्रेषण की अंतिम तिथि को विचारोपरांत दिनांक 07.08.2026 तक अंतिम रुप से विस्तारित किया जाता है। समिति से प्राप्त प्रस्ताव के साथ संलग्न की जाने वाले कागजातों का पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन सं0 **PR385234(Fish) 26-27 (D)** की शर्तें यथावत् रहेंगी, जिसे कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

निर्धारित तिथि के पश्चात् राजस्व जलकरों की अल्पकालीन बंदोबस्ती विभागीय परिपत्रों के आलोक में खुले डाक के माध्यम से करने की तिथि निर्धारित की जाएगी।

ह0/–
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, हजारीबाग

PR 386405 Fish(26-27)D

---

**झारखण्ड सरकार**
**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य प्रभाग),**
**जिला गव्य विकास कार्यालय, हजारीबाग।**

## –: आवश्यक सूचना :–

वित्तीय वर्ष 2026–27 में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत अनुदान/लाभुक अंशदान पर संचालित गव्य विकास की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए हजारीबाग जिला के इच्छुक पशुपालक/ लघु उद्यमि/युवाशिक्षित बेरोजगार/स्वयं सहायता समूह के सदस्य/प्रगतिशील पशुपालकों की सूचित किया जाता है कि संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी अथवा जिला गव्य विकास कार्यालय, हजारीबाग से कार्य दिवस में निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त कर तथा पूर्ण रूपेण भरे हुए आवेदन पत्र संबंधित पंचायत स्तरीय समिति/ग्राम सभा की अनुशंसा एवं स्थनीय जाति/निवास प्रमाण पत्र/आधार कार्ड/विकलांगता संबंधी प्रमाण पत्र (जहाँ लागू हो) संलग्न कर संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी अथवा जिला गव्य विकास कार्यालय, हजारीबाग में दिनांक 11.08.2026 के अपराह्न 04:00 बजे तक जमा करना सुनिश्चित करेंगें। विशेष जानकारी के लिए जिला गव्य विकास कार्यालय, हजारीबाग/संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी कार्यालय से कार्य दिवस में सम्पर्क किया जा सकता है। आवेदन पत्र में त्रुटि पाये जाने पर आपका आवेदन अस्वीकृत कर दिया जायेगा, जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेवार रहेंगे।

| क्र0 | योजना का नाम | परियोजना लागत | अनुदान प्रतिशत | लाभुक वर्ग |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 02 दुधारू गाय/भैंस की योजना | 1,35,050/- | 90% | आपदा/आगलगी से प्रभावित परिवार की महिला/सड़क दुर्घटना से प्रभावित परिवार की महिला/परित्यक्त महिला/दिव्यांग महिलाओं के लिए। |
| | | | 75% | शेष सभी महिला लाभुकों के लिए। |
| | **कामधेनु डेयरी फार्मिंग योजना** | | | |
| 2. | 05 दुधारू गाय/भैंस की योजना | 3,37,625/- | 75% | अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सरकारी समिति के लिए। |
| | | | 50% | अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी जातियों के लिए |
| 3. | 10 दुधारू गाय/भैंस की योजना | 6,75,250/- | 75% | अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सरकारी समिति के लिए। |
| | | | 50% | अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी जातियों के लिए |
| | **चारा काटने की मशीन** | | | |
| 4. | हस्त चालित चैफ कटर | 12,000/- | 90% | अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सरकारी समिति के लिए। |
| | | | 75% | अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी जातियों के लिए |
| 5. | विद्युत चालित चैफ कटर | 26,000/- | 90% | अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सरकारी समिति के लिए। |
| | | | 75% | अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी जातियों के लिए |
| | **प्रगतिशील डेयरी कृषकों को सहायता योजना** | | | |
| 6. | मिल्कींग मषीन (4 बकेट) | 1,20,000/- | 90% | अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सरकारी समिति के लिए। |
| | | | 75% | अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी जातियों के लिए |
| 7. | पनीर एवं खोआ मेकिंग यूनिट (1 सेट) | 1,00,000/- | 90% | अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सरकारी समिति के लिए। |
| | | | 75% | अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी जातियों के लिए |
| 8. | वर्मी कम्पोस्ट यूनिट (3m X 2m X 1M) | 25,000/- | 90% | अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सरकारी समिति के लिए। |
| | | | 75% | अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी जातियों के लिए |
| 9. | डीप बोरिंग | 1,00,000/- | 90% | अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सरकारी समिति के लिए। |
| | | | 75% | अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी जातियों के लिए |
| 10. | काउ मैट | 5,200/- | 90% | अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सरकारी समिति के लिए। |
| | | | 75% | अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी जातियों के लिए |

**विभागीय राज्यादेश सं0– 20रा0(वि) दिनांक – 13.07.2026 के क्रम में अहर्त्ता/नियम व शर्तें :–**

1. इस योजना के अन्तर्गत लाभुकों का चयन/अनुशंसा संबंधित ग्राम सभा के साथ–साथ पंचायत स्तरीय समिति द्वारा भी किया जाएगा। पंचायत स्तरीय समिति में ग्राम प्रधान, मुखिया (ग्राम प्रधान नहीं रहने पर), झारखण्ड मिल्क फेडरेशन (JMF) के प्रतिनिधि एवं दुग्ध मित्र सदस्य रहेंगे। लाभुकों के चयन हेतु अनुशंसा ग्रामसभा अथवा पंचायत स्तरीय समिति दोनों में से किसी एक के द्वारा किया जाएगा।
2. दुधारू मवेशी कार्यक्रम अन्तर्गत 02/05/10 दुधारू गाय/भैंस योजना का लाभ लेने हेतु चयनित लाभुकों के लिए गव्य प्रक्षेत्र अन्तर्गत संस्थागत प्रशिक्षण यथा 06 (छः) दिवसीय प्रशिक्षण/फारमर्श अवेयरनेस कार्यक्रम (APDF) प्राप्त करना अनिवार्य होगा।
3. विगत 05 वर्षों में जिन परिवारों (JSFSS/NFHS के परिमापित) द्वारा अनुदान का लाभ लिया गया है, उन्हें पुनः अनुदान अनुमान्य नहीं होगा।
4. मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत् अंतिम रूप से चयनित होने के उपरान्त लाभुकों को अपना अंशदान Escrow Account (एस्क्रो खाता) 01 (एक) माह के अन्दर जमा करना अनिवार्य होगा। अन्यथा प्रतिक्षा सूची के अन्य लाभुक का चयन किया जाएगा। लाभुक अंशदान जमा होने के उपरान्त ही अनुदान राशि Escrow Account (एस्क्रो खाता) लाभुक के बैंक खाता में DBT के माध्यम से हस्तांतरित की जाएगी।
5. दुधारू मवेशी वितरण योजना का क्रियान्वयन दो चरणों में किया जायेगा। प्रथम चरण की दुधारू गाय क्रय के उपरान्त 6 माह के अंतराल पर द्वितीय चरण की दुधारू गाय का क्रय किया जाएगा।
6. दुधारू पशु वितरण कार्यक्रम अन्तर्गत पशु शेड का निर्माण मनरेगा अंतर्गत उपलब्ध निधि के अभिसरण से किया जायेगा।
7. लाभुक द्वारा दुधारू पशुओं का लगातार तीन पाली दुहाई देखकर एवं पूर्ण संतुष्टि के उपरान्त गव्य विकास निदेशालय से निबंधित/सूचीबद्ध पशु विक्रेताओं से दुधारू पशु क्रय किया जाएगा।
8. प्रगतिशील कृषकों की सहायता योजना एवं चारा विकास योजना अन्तर्गत निदेशालय स्तर पर गठित क्रय समिति द्वारा निर्धारित गुणवत्ता मेक तथा विशिष्टियां के अनुरूप वास्तविक दर जो क्रय समिति के द्वारा विहित प्रक्रिया अपनाते हुए निर्धारित किया गया हो के आधार पर दिया जायेगा।
9. ए0पी0एल0 वर्ग के लाभुक जिनके परिवार का एक भी सदस्य संस्थागत भूमिधारक/पूर्व अथवा वर्त्तमान संवैधानिक पद धारक/केन्द्र एवं राज्य सरकार/लोक उपक्रम/सरकारी स्वायतशासी संस्थाओं के कर्मी (मल्टी टास्किंग स्टाफ/वर्ग IV/समूह घ के कर्मी को छोड़कर) रू0 10000/– अथवा उससे अधिक मासिक पेंशनधारी/पिछले मूल्यांश वर्ष में आयकर को भुगतान किया हो/पेशेवर/यथा चिकित्सक, अभियंता/वकील, चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट एवं आर्किटेक्ट वर्ग के होने की स्थिति में इस योजना के पात्र नहीं होंगे। (लाभुकों को वर्णित आशय का स्व–अभिप्रमाणित घोषणा पत्र देना होगा)।
10. हस्त चालित/विद्युत चालित चारा काटने की मशीन का क्रय गव्य विकास गव्य विकास निदेशालय स्तर पर गठित क्रय समिति द्वारा निर्धारित गुणवत्ता, मेक तथा विशिष्टियाँ के अनुरूप वास्तविक दर जो क्रय समिति के द्वारा विहित प्रक्रिया अपनाते हुए निर्धारित किया गया हो, अथवा राज्यादेश में उल्लेखित दर दोनों में जो कम होगा, उसके आधार पर क्रय उपरान्त स्वीकृत अनुदान की राशि लाभुकों को उनके क्लेम विपत्र के आधार पर किया जाएगा।
11. प्रगतिशील डेयरी कृषकों को सहायता की योजना का क्रय गव्य विकास गव्य विकास निदेशालय स्तर पर गठित क्रय समिति द्वारा निर्धारित गुणवत्ता, मेक तथा विशिष्टियाँ के अनुरूप वास्तविक दर जो क्रय समिति के द्वारा विहित प्रक्रिया अपनाते हुए निर्धारित किया गया हो, अथवा राज्यादेश में उल्लेखित दर दोनों में जो कम होगा, उसके आधार पर क्रय उपरान्त स्वीकृत अनुदान की राशि लाभुकों को उनके क्लेम विपत्र के आधार पर किया जाएगा।
12. डीप बोरिंग एवं वर्मी कम्पोस्ट यूनिट हेतु सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त प्राक्कलित राशि अथवा योजना के अनुमानित लागत दोनों में से जो कम हो के आधार पर कार्य उपरान्त अनुदान की राशि का भुगतान कार्योपरांत लाभुकों को उनके दावा विपत्र के आधार पर किया जायेगा।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी,
हजारीबाग।

PR 386421 (Animal Husbandry) 26-27 (D)

---

**नालको NALCO**
एक नवरत्न कंपनी

**नेशनल एल्यूमिनियम कम्पनी लिमिटेड**
(भारत सरकार का एक उद्यम)
नालको भवन, पी/1, नयापल्ली, भुवनेश्वर-751 013, ओड़िशा
सीआईएन : L27203OR1981GOI000920

अतुल्य एल्युमिनियम...
आम जन से अंतरिक्ष तक

## 30 जून, 2026 को समाप्त तिमाही के लिए वित्तीय परिणामों के उद्धरण

(₹ करोड़ में)

| क्रम सं | विवरण | एकल | | | | समेकित | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | समाप्त तिमाही | | | समाप्ति वर्ष | समाप्त तिमाही | | | समाप्ति वर्ष |
| | | 30/06/2026 (अलेखापरीक्षित) | 31/03/2026 (लेखापरीक्षित) | 30/06/2025 (अलेखापरीक्षित) | 31/03/2026 (लेखापरीक्षित) | 30/06/2026 (अलेखापरीक्षित) | 31/03/2026 (लेखापरीक्षित) | 30/06/2025 (अलेखापरीक्षित) | 31/03/2026 (लेखापरीक्षित) |
| 1. | परिचालन से कुल आय | 5,302.38 | 5,012.82 | 3,806.94 | 17,843.05 | 5,302.38 | 5,012.82 | 3,806.94 | 17,843.05 |
| 2. | अवधि के लिए शुद्ध लाभ (कर पूर्व, अपवाद और/या असाधारण मद) | 2,688.90 | 2,311.31 | 1,429.27 | 7,767.45 | 2,688.90 | 2,311.31 | 1,429.27 | 7,767.45 |
| 3. | अवधि के लिए कर पूर्व शुद्ध लाभ (अपवाद और/या असाधारण मद के पश्चात) | 2,688.90 | 2,311.31 | 1,429.27 | 7,767.45 | 2,689.66 | 2,316.04 | 1,414.89 | 7,748.70 |
| 4. | अवधि के लिए कर पश्चात शुद्ध लाभ (अपवाद और/या असाधारण मद के पश्चात) | 2,002.38 | 1,717.71 | 1,063.86 | 5,815.76 | 2,003.14 | 1,722.44 | 1,049.48 | 5,797.01 |
| 5. | अवधि के लिए कुल समेकित आय जिसमें अवधि के लिए लाभ/हानि शामिल है अवधि (कर पश्चात) और अन्य वृहद आय (कर पश्चात) | 2,007.76 | 1,723.31 | 1,060.37 | 5,837.30 | 2,008.52 | 1,728.06 | 1,045.99 | 5,818.57 |
| 6. | इक्विटी शेयर पूंजी | 918.32 | 918.32 | 918.32 | 918.32 | 918.32 | 918.32 | 918.32 | 918.32 |
| 7. | भंडार (पुन मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) जैसा कि पिछले वर्ष की लेखापरीक्षित तुलन-पत्र में दिखाया गया है | | | | 20,944.44 | | | | 20,685.39 |
| 8. | प्रति शेयर आय (असाधारण मदों से पूर्व)(प्रत्येक रुपये 5 का) (वार्षिक नहीं) | | | | | | | | |
| | 1. मूल (₹) | 10.90 | 9.35 | 5.79 | 31.67 | 10.91 | 9.38 | 5.71 | 31.56 |
| | 2. मिश्रित ( ₹) | 10.90 | 9.35 | 5.79 | 31.67 | 10.91 | 9.38 | 5.71 | 31.56 |

उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग ऑब्लिगेशंस एंड डिस्क्लोजर रिक्वायरमेंट्स) विनियम, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों के साथ दायर तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक उद्धरण है। उपरोक्त वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइटों, www.nseindia.com और www.bseindia.com; और कंपनी की वेबसाइट, www.nalcoindia.com पर उपलब्ध है।

**टिप्पणियाँ:**

1. लेखापरीक्षा समिति की अनुपस्थिति में वित्तीय परिणामों का अनुमोदन निदेशक मंडल द्वारा 31 जुलाई, 2026 को आयोजित बैठक में की गई। सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 33 के तहत आवश्यक सीमित समीक्षा कंपनी के संयुक्त वैधानिक लेखा परीक्षकों द्वारा की गई है।
2. कंपनी की चार संयुक्त उद्यम कंपनियाँ हैं:-1)मैसर्स अनुगुल एल्यूमिनियम पार्क प्राइवेट लिमिटेड, 2)मैसर्स जीएसीएल-नालको अल्कलीज एंड केमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड, 3)मैसर्स खनिज बिदेश इंडिया लिमिटेड, 4)मैसर्स उत्कर्ष एल्यूमिनियम धातु निगम लिमिटेड। चार संयुक्त उद्यम कंपनियों में से जिनके वित्तीय विवरणों का समेकन किया गया है, उनमें अनुगुल एल्यूमिनियम पार्क प्रा. लि. के वित्तीय विवरणों का समेकन रिपोर्टिंग तिथि पर प्रबंधन द्वारा प्रमाणित वित्तीय विवरणों के आधार पर किया गया है।
3. निदेशक मंडल ने अपनी बैठक दिनांक 31 जुलाई, 2026 में वित्त वर्ष 2025-26 हेतु ₹1/- प्रति इक्विटी शेयर (₹5/- अंकित मूल्य पर 20%) का अंतरिम लाभांश की संस्तुति की है, जिसकी कुल राशि ₹183.66 करोड है।
4. कंपनी ने 01.04.2019 से नए विद्युत क्रय करार (पीपीए) के निष्पादन न होने और कंपनी द्वारा दायर रिट याचिका के आधार पर मामला राजस्थान के माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष विचाराधीन होने के कारण राजस्थान राज्य में स्थित अपने दो पवन ऊर्जा संयंत्रों (डब्ल्यूपीपी) से राजस्व को मान्यता नहीं दी है।
5. निदेशक मंडल ने 10.04.2026 की बैठक में उत्कर्ष एल्यूमिनियम धातु निगम लिमिटेड, एक संयुक्त उद्यम कंपनी के समापन/ बंद करने हेतु सहमति प्रदान की है। परियोजना वाणिज्यिक रूप से अलाभकारी हो रहा था। कंपनी ने इस हेतु खान मंत्रालय की सहमति भी प्राप्त कर ली है। इस संयुक्त उद्यम में कंपनी तथा मिश्र धातु निगम लिमिटेड की 50:50 शेयर की धारिता है। मिश्र धातु निगम लिमिटेड इस समापन की स्वीकृति हेतु अपने प्रशासनिक मंत्रालय की सहमति की प्रक्रिया में है।
6. कंपनी ने अनुगोल, ओडिशा में 1080 मेगावाट (4 x720 मेगावाट) के ग्रहीत ताप विद्युत गृह स्थापित किए जाने हेतु एनएलसी इंडिया लिमिटेड (एनएलसीआईएल) के साथ संयुक्त उद्यम सह शेयरधारिता समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।
7. 31 मार्च, 2026 को समाप्त तिमाही के आंकड़े 31 मार्च, 2026 को समाप्त लेखापरीक्षित पूर्ण वित्तीय वर्ष और 31 दिसंबर, 2025 को समाप्त तीसरी तिमाही तक अलेखापरीक्षित प्रकाशित वर्ष के संबंध में संतुलन आंकड़े हैं।
8. पिछली अवधि से संबंधित आंकड़े जहां भी आवश्यक हो, पुन: समूहीकृत, पुनर्व्यवस्थित और पुनक्रमिक किए गए हैं।

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 31 जुलाई, 2026

(बृजेन्द्र प्रताप सिंह)
अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक

Scan this QR code to view/download the Financial Results

**नेशनल एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड**
" संभावनाओं को साकार करना, नई सीमाओं को आकार देना "

- बॉक्साइट खनन • एल्यूमिनियम परिशोधक • एल्यूमिनियम प्रद्रावक • ग्रहीत विद्युत संयंत्र
- ग्रहीत कोल ब्लॉक • समर्पित पत्तन सुविधाएँ • अनुसंधान एवं विकास • नवीकरणीय ऊर्जा

# CASH FUNDS

| bl. rating | Scheme Name | Latest NAV (₹) | Latest Corpus (₹ Cr) | Expense Ratio (%) Regular | Expense Ratio (%) Direct | Trailing Returns (%) 1 Month *Ann | 3 Month *Ann | 6 Month *Ann | 1 Year CAGR | AA & Below |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **LIQUID FUNDS** | | | | | | | | | | |
| - | 360 ONE Liquid | 2142.0 | 1153 | 0.3 | 0.2 | 5.6 | 6.1 | 6.4 | 6.1 | - |
| - | Aditya Birla SL Liquid | 449.6 | 63687 | 0.3 | 0.2 | 6.0 | 6.6 | 6.8 | 6.3 | - |
| - | Axis Liquid | 3107.8 | 44866 | 0.2 | 0.1 | 6.0 | 6.6 | 6.8 | 6.4 | - |
| - | Bandhan Liquid | 3366.8 | 15800 | 0.2 | 0.1 | 5.9 | 6.5 | 6.7 | 6.2 | - |
| - | Bank of India Liquid | 3213.9 | 1339 | 0.1 | 0.1 | 5.9 | 6.6 | 6.8 | 6.4 | 1.90 |
| - | Baroda BNP Paribas Liquid | 3205.0 | 8087 | 0.2 | 0.1 | 6.0 | 6.5 | 6.7 | 6.3 | 0.90 |
| - | Canara Robeco Liquid | 3357.2 | 5182 | 0.1 | 0.1 | 6.0 | 6.5 | 6.8 | 6.3 | - |
| - | DSP Liquidity | 3983.7 | 19371 | 0.2 | 0.1 | 6.0 | 6.6 | 6.8 | 6.3 | - |
| - | Edelweiss Liquid | 3569.0 | 12259 | 0.2 | 0.1 | 6.0 | 6.6 | 6.8 | 6.4 | - |
| - | Groww Liquid | 2697.4 | 279 | 0.2 | 0.1 | 5.9 | 6.6 | 6.7 | 6.3 | - |
| - | HDFC Liquid | 5471.8 | 65878 | 0.3 | 0.2 | 5.9 | 6.5 | 6.7 | 6.3 | - |
| - | HSBC Liquid | 2780.6 | 19663 | 0.2 | 0.1 | 6.0 | 6.6 | 6.7 | 6.3 | - |
| - | ICICI Pru Liquid | 412.8 | 54543 | 0.3 | 0.2 | 6.0 | 6.5 | 6.7 | 6.3 | - |
| - | Invesco India Liquid | 3834.4 | 16797 | 0.2 | 0.1 | 5.9 | 6.6 | 6.8 | 6.3 | - |
| - | ITI Liquid | 1449.3 | 50 | 0.2 | 0.1 | 5.8 | 6.1 | 6.3 | 6.0 | - |
| - | JM Liquid | 76.0 | 1759 | 0.2 | 0.1 | 5.8 | 6.5 | 6.6 | 6.2 | - |
| - | Kotak Liquid | 5636.0 | 39817 | 0.3 | 0.2 | 5.9 | 6.5 | 6.7 | 6.3 | - |
| - | LIC MF Liquid | 5041.8 | 13416 | 0.2 | 0.1 | 6.1 | 6.5 | 6.8 | 6.3 | - |
| - | Mahi Manu Liquid | 1814.8 | 1019 | 0.2 | 0.1 | 5.9 | 6.5 | 6.7 | 6.3 | - |
| - | Mirae Asset Liquid | 2922.5 | 10973 | 0.2 | 0.1 | 5.8 | 6.4 | 6.6 | 6.2 | - |
| - | Motilal Oswal Liquid | 14.7 | 930 | 0.4 | 0.2 | 5.7 | 6.0 | 6.2 | 5.9 | - |
| - | Motilal Oswal Liquid | 14.2 | 930 | - | 0.2 | 5.9 | 6.3 | 6.4 | 6.1 | - |
| - | Navi Liquid | 30.2 | 75 | 0.2 | 0.2 | 5.4 | 5.8 | 5.8 | 5.7 | - |
| - | Nippon Ind Liquid | 6806.8 | 35870 | 0.3 | 0.2 | 6.0 | 6.6 | 6.8 | 6.3 | - |
| - | Parag Parikh Liquid | 1546.1 | 5575 | 0.2 | 0.1 | 5.9 | 6.5 | 6.7 | 6.2 | - |
| - | PGIM India Liquid | 363.2 | 748 | 0.2 | 0.1 | 6.1 | 6.6 | 6.8 | 6.3 | - |
| - | Quant Liquid | 43.9 | 1255 | 0.5 | 0.3 | 5.4 | 5.7 | 5.9 | 5.7 | - |
| - | Quantum Liquid | 37.2 | 531 | 0.2 | 0.1 | 5.7 | 5.8 | 6.0 | 5.7 | - |
| - | SBI Liquid | 4358.5 | 71448 | 0.3 | 0.2 | 6.0 | 6.6 | 6.7 | 6.3 | - |
| - | Sundaram Liquid | 2459.3 | 6365 | 0.3 | 0.1 | 6.9 | 6.8 | 6.8 | 6.3 | - |
| - | Tata Liquid | 4392.5 | 22044 | 0.3 | 0.2 | 5.9 | 6.5 | 6.7 | 6.3 | - |
| - | TRUSTMF Liquid | 1353.8 | 756 | 0.2 | 0.1 | 5.9 | 6.4 | 6.6 | 6.2 | - |
| - | Union Liquid | 2684.1 | 6650 | 0.2 | 0.1 | 6.0 | 6.5 | 6.7 | 6.3 | - |
| - | UTI Liquid | 457.7 | 27632 | 0.2 | 0.1 | 6.0 | 6.5 | 6.8 | 6.3 | - |
